झारखण्ड सरकार

# कार्यालय – वन प्रंमडल पदाधिकारी,
# हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल, वन भवन, हजारीबाग

☎ 06546-222339, Fax no.06546-222339, Email- dfohazwest@jharkhandmail.gov.in

पत्रांक :–5099 दिनांक :– 15.09.2018

सेवा में,

Chief Project Manager,
Dedicated Freight Corridor Corporation of India Limited,
18/N Ground Floor, Block – A, New Alipor,
Kolkata, West Bengal – 700053

विषय :– डेडीकेटेट फ्रेट कोरीडोर द्वारा दानकुनी पश्चिम बंगाल से सोननगर सेक्शन निर्माण पूर्वी डेडीकेटेट फ्रेट कोरीडोर के तहत कोडरमा Detour (PPP Mode) से हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल– 121.003 हे0 वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय का पत्रांक 4817 दिनांक 31.08.2018 एवं आपका पत्रांक KKK/EN/ Forest / Hazaribagh/173/2554 दिनांक 11.09.2018 ।

महाशय,

उपरोक्त विषय एवं प्रसंग के संबंध में सूचित करना है कि इस कार्यालय के प्रासंगिक पत्र द्वारा कतिपय पृच्छाये कि गई थी जिसके संबंध में आपने अपने प्रासंगिक पत्र द्वारा उत्तर सामग्रि समर्पित किया था। आपके उक्त प्रतिवेदन के अवलोकनोपरान्त पाया गया कि मौजा चौबे , बरियोन एवं नरैयना में अपयोजित होने वाली वन भूमि के संबंध में मांगी गई अभिलेख आपके द्वारा समर्पित नहीं किया गया है।

दिनांक 14.09.2018 को क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, रांची के कार्यालय कक्ष में आहूत बैठक में आपके द्वारा बतलाया गया कि उपरोक्त वर्णित तीनों मौजाओं के लिए इस कार्यालय के प्रासंगिक पत्र द्वारा मांगी गई सूचनाऐं दिनांक 14.09.2018 के रात्रि तक तैयार कर ली लायेगी । आपके द्वारा दिये गये आश्वासन के आलोक में दिनांक 15.09.2018 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा आपके उपस्थिति में स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षणोपरान्त पाया गया कि तीनों मौजाओं यथा चौबे , बरियोन एवं नरैयना में आपके द्वारा समर्पित नक्शा के अनुरूप केन्द्रिय पीलरों एवं अपयोजित होने वाली वन भूमि पर पीलरों को स्थल पर स्थापित नहीं किया गया है, जिसके चलते उक्त तीनों मौजाओं में Aligenment की जांच नहीं की जा सकी। यह काफी खेदजनक स्थिति है। इसके कारण दिनांक 15.09.2018 को निरीक्षण में व्यतीत समय की

सीर्फ बर्बादी हुई । विदित हो कि विषयगत परियोजना केन्द्रीय सरकार की महत्वपूर्ण परियोजना है। उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि आपके द्वारा इस परियोजना में अपयोजन के प्रस्ताव पर रूची नहीं ली जा रही है।

अतः अनुरोध है कि पत्र में वर्णित तीनों मौजाओं से संबंधित आपके द्वारा समर्पित नक्शे के अनुरूप स्थल पर केन्द्रीय पीलरों एवं अपयोजित होनेवाली वन भूमि में पीलरों को स्थापित करते हुए सभी पीलरों का GPS Co-ordinate अविलम्ब समर्पित करें ताकि प्रस्ताव पर अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन,
ह0/–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

ज्ञापांकः 5099 दिनांकः 15.09.2018

प्रतिलिपि वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, हजारीबाग / क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग / प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड झारखण्ड रांची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

15/9/18
वन प्रमंडल पदाधिकारी
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल